शुभारंभ — जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# दो साप्ताहिक ट्रेनों का नियमित संचालन शुरू

**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल अंतर्गत रविवार, 24 मई को मुख्य रेलवे स्टेशन पर जबलपुर-पुणे ट्रेन संख्या 20162/61 एवं जबलपुर-बांद्रा ट्रेन संख्या 20164/63 साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के नियमित संचालन के शुभारंभ अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं रेलवे अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक, लोकसभा सांसद आशीष दुबे, विधायक पाटन अजय विश्नोई, विधायक कैंट अशोक रोहाणी, विधायक बरगी नीरज सिंह लोधी, विधायक सिहोरा संतोष वरकड़े सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।





### व्यापारिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

इस कार्यक्रम में रेलवे प्रशासन की ओर से मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा, अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार एवं दिनेश कुमार कलामे, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशांक गुप्ता सहित अन्य शाखा अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जबलपुर से पुणे एवं बांद्रा के लिए नियमित रेल सेवा प्रारंभ होने से यात्रियों को बेहतर एवं सुविधाजनक आवागमन उपलब्ध होगा तथा क्षेत्रीय विकास एवं व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

### मदन महल पहुंचते ही आया एसी में फॉल्ट

रविवार को जबलपुर-पुणे साप्ताहिक ट्रेन नियमित होने के पहले दिन जैसे ही उद्घाटन होकर मदन महल स्टेशन पहुंची वैसे ही ए1 कोच का एसी खराब हो गया जिससे यात्री परेशान हो गये। मदन महल स्टेशन पर पहुंचकर जैसे ही ट्रेन रवाना होने लगी यात्रियों ने चैन पुलिंग करके गाड़ी को रोक दिया यात्रियों का कहना था कि जब तक एसी दुरुस्त नहीं होता, तब तक गाड़ी आगे बढ़ने नहीं दिया जायेगा उल्लेखनीय है कि रविवार को जबलपुर-पुणे साप्ताहिक सुपरफास्ट जो अभी तक स्पेशल ट्रेन के रूप में चलती थी, उसे नियमित रूप से चलाने का उद्घाटन किया गया।

### 50 मिनट देरी से हुई रवाना

ट्रेन जबलपुर स्टेशन से तो सही वक्त पर दोपहर 1.50 बजे रवाना हुई किंतु जैसे ही यह आगे बढ़ी तो ट्रेन का एसी कोच (ए1) कूलिंग नहीं दे रहा था जिससे यात्री गर्मी में बेहाल नजर आने लगे ट्रेन के मदन महल स्टेशन पहुंचने पर यात्रियों ने एसी दुरुस्त करने की मांग की, किंतु बिना सुधार किये गाड़ी को आगे रवाना किया जाने लगा, जिस पर ए1 कोच के यात्रियों ने चैन पुलिंग कर दी यह क्रम कई बार चला, जिसके बाद रेल प्रशासन ने ट्रेन को वहां पर रोक दिया और एसी कोच को दुरुस्त करने का काम शुरू कराया बताया जाता है कि लगभग 50 मिनट बाद जब एसी पूरी तरह सही हुआ और कोच के अंदर कूलिंग होने लगी, तब जाकर ट्रेन आगे के लिए रवाना हुई।



# ब्रांडेड कंपनी की जेनेरिक दवाएं मिले तो हो संतोष

**नवभारत, जबलपुर।** केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) डिस्पेंसरी नंबर 4 के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. पी. रावत की अध्यक्षता में वरिष्ठ नागरिकों के विभिन्न संगठनों के सलाहकार प्रतिनिधियों की मासिक बैठक संपन्न हुई। हेड पोस्ट ऑफिस, जबलपुर में आयोजित इस बैठक में वरिष्ठ नागरिक प्रतिनिधियों ने कहा कि सीनियर्स सिटीजनों को जेनेरिक मेडिसिन से परहेज नहीं है, बशर्ते वह किसी ब्रांडेड कंपनी की और बीमारी में लाभदायक होनी चाहिए। बैठक में प्रभारी डॉ. आर. पी. रावत ने प्रतिनिधियों का स्वागत कर पिछले मुद्दों की समीक्षा की और आगामी बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान मेंबर्स ने सुझाव पेटी को खुलवाकर देखा, जिसमें कुछ लाभार्थियों ने लिखित सुझाव डाले थे। इनमें कटनी, सतना और रीवा के लाभार्थियों को ट्रेन से वापसी के समय को ध्यान में रखते हुए इलाज में विशेष सहूलियत देने की बात कही गई थी, डिस्पेंसरी में पेयजल, कूलर, पंखे, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था और साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई। सलाहकार प्रतिनिधि अनिल शुक्ला ने बताया कि बैठक में दवाई आपूर्तिकर्ता प्रतिनिधि पंकज नवाठे भी उपस्थित रहे। इस पूरी बैठक की व्यवस्थाओं को संभालने और इसे सफल बनाने में डिस्पेंसरी स्टाफ मनोज कुमार, लव डांगी, जितेंद्र कुमार, प्रदीप सिंह, आनंद कुमार, रवि दहायट, गोपाल भट्ट, हेमराज आर्मो सहित सभी का योगदान सराहनीय रहा। इस बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ नागरिक संगठनों के सलाहकार प्रतिनिधि एम. एन. सिंह, गुरमुख दास, अनिल शुक्ला, नरेंद्र कोचर, राजेश सोनी और सुरेश चंद तिवारी उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक जगदीश मंदिर परिसर बना अवैध पार्किंग

**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी के प्राचीन गढ़ा फाटक स्थित जगदीश मंदिर परिसर को बिना प्रबंध न्यासी की अनुमति के वाहन पार्किंग स्थल बना दिया गया है। श्री जगदीश मंदिर गणेश मंदिर लोकन्यास के प्रबंध न्यासी अधिवक्ता लाल ज्ञानेंद्र सिंह बघेल ने आरोप लगाया है कि वाहनों की आड़ में कतिपय लोगों द्वारा मंदिर प्रांगण में अनैतिक कार्य किए जा रहे हैं, जिसके चलते यह परिसर शराब, जुआ, सट्टा एवं गांजा पीने वालों का अड्डा बन चुका है।

इस गंभीर मामले की लिखित शिकायत थाना प्रभारी लार्डगंज एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दी जा चुकी है, लेकिन आज तक प्रशासन द्वारा इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।



### कड़ा आदेश जारी

प्रशासनिक उदासीनता के बीच प्रबंध न्यासी लाल ज्ञानेंद्र सिंह बघेल द्वारा एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि मंदिर प्रांगण आस्था, अर्चना, प्रार्थना और शांति का केंद्र है। इस प्रांगण में कार, ऑटो, टेम्पो, हाथ ठेला, टैक्सी, ट्रक, मोटर साइकिल, ई-रिक्शा, छोटा हाथी और ट्रैक्टर आदि खड़े करने से श्रद्धालुजनों को भारी असुविधा होती है। अतः सभी वाहन स्वामी अपने-अपने वाहन अपने घरों में ही रखें।

### बिना अनुमति वाले वाहन प्रांगण से होंगे बाहर

जारी आदेश के अनुसार, यदि कोई वाहन स्वामी फिर भी न्यास प्रांगण में अपना वाहन रखना चाहता है, तो उसे अनिवार्य रूप से प्रबंध न्यासी से विधिवत अनुमति प्राप्त करनी होगी एवं वैधानिक शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त करनी होगी। न्यासी ने कड़ी चेतावनी दी है कि बिना शुल्क और अनुमति के वाहन खड़े किए जाने पर वाहन स्वामी के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और संबंधित वाहनों को मंदिर प्रांगण से बाहर करा दिया जाएगा।

## जुए के फड़ पर छापा, 1 गिरफ्तार, 2 फरार

**नवभारत, जबलपुर।** हनुमानताल पुलिस ने जुएं के फड़ पर छापा मारते हुए 1 जुआड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि मदार छल्ला पहाड़ी में पानी की टंकी के पास बिजली के प्रकाश में कुछ जुआड़ी अवैध रूप से ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं, सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई, जुआड़ी पुलिस को देखकर भाग गये एक जुआड़ी को पकड़ा नाम पता पूछने पर राजेश सिंह लोधी उम्र 46 वर्ष निवासी गंगासागर लोधी मोहल्ला गढ़ा बताते हुये बताया कि जुआ फड़ पर बैठे मोनू उर्फ आलूबंडा व सैफू पुलिस को देखकर पहाड़ी के नीचे अंधेरा फायदा उठाकर भाग गये है।

# निर्धारित दर से अधिक दाम पर बेची जा रही थी बीयर

### महानद्दा स्थित शराब दुकान पर छापामार कार्यवाही

**नवभारत, जबलपुर।** शराब के अवैध क्रय विक्रय को रोकने बीती रात एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह के नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने महानद्दा स्थित शराब दुकान पर छापामार कार्यवाही कर अधिकतम विक्रय दर से अधिक दाम पर बीयर बेचने का मामला पकड़ा है। इसके साथ ही लायसेंसी कमला शिवहरे की फुटकर शराब विक्रय दुकान से लगकर बाईं दीवार पर अहाता भी संचालित पाया गया।

एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह ने बताया कि कार्रवाई में मौके पर किंगफिशर स्ट्रॉन्ग प्रीमियम बीयर की बोतल 200 रुपये में बेची जा रही थी, जबकि बोतल पर अंकित अधिकतम विक्रय मूल्य 190 रुपये था।



### यूपीआई से किया भुगतान

एसडीएम गोरखपुर के मुताबिक कार्रवाई के दौरान टीम द्वारा खरीदी गई बीयर की बोतल का भुगतान यूपीआई के माध्यम से किया गया था। जांच में पाया गया कि 190 रुपये की बीयर की बोतल ग्राहकों को 200 रुपये में बेची जा रही थी। यानी प्रति बोतल 10 रुपये अधिक वसूले जा रहे थे। छापामार कार्रवाई के दौरान दुकान पर शिवा बर्मन और अरुण मिश्रा कार्यरत पाए गए थे। एसडीएम गोरखपुर ने बताया कि कार्रवाई की रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय को भेजी जा रही है। नियमानुसार लाइसेंस निलंबन और अर्थदंड की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में तहसीलदार गोरखपुर आदित्य जाँघेला भी शामिल थे। मौके पर पंचनामा भी बनाया गया है।

### एक नजर में



## संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा आयोजित

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर में रविवार यानी 24 मई को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 सफलतापूर्वक संपन्न हुई। शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों सुबह 9:30 से 11:30 और दोपहर 2:30 से 4:30 में यह परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के पूर्व परीक्षार्थियों की सघन जांच की गई। परीक्षार्थियों को केंद्रों में प्रोटोकॉल के तहत प्रवेश दिया गया। संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विसेस प्रारंभिक परीक्षा जिले के 17 केन्द्रों में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। जिसमें कुल 5426 अभ्यर्थियों में से प्रथम चरण में 3612 तथा द्वितीय चरण में 3568 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।



## सुरक्षित मिला लापता बालक

जबलपुर, नवभारत। मुख्य रेलवे स्टेशन के जीआरपी थाने में मनीष ढीमर निवासी ग्राम सनकुई थाना ढीमरखेडा जिला कटनी ने रविवार को रिपोर्ट दर्ज करवाई कि सिहोरा स्टेशन के प्लेटफॉर्म न. 1 से उनका बालक दुर्गेश ढीमर उम्र 6 वर्ष का कहीं गुम हो गया है या उसे कोई व्यक्ति बहला फुसलाकर कहीं ले गया है। जिसपर सुन्दर सिंह कनेश के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक महोदय रेल भावना मरावी व उप अधीक्षक महोदय रेल अंकिता सुल्या जबलपुर के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी जीआरपी जबलपुर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये टीम गठित कर अपहृस्त बालक दुर्गेश ढीमर की तलाश की गई। अपहृत बालक दुर्गेश सिहोरा रोड कॉलेज के पास घूमते हुये दस्तयाब हुआ। बालक के मिलने की सूचना उसके माता पिता को दी गई। माता पिता ने अपने बालक को स्वस्थ हालात मे थाना जीआरपी जबलपुर से प्राप्त किया। उक्त बालक की दस्तयाबी मे जीआरपी थाना जबलपुर के संजीवनी राजपूत, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक गोपाल सिंह राजपूत, जगन्नाथ सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक अनुराग तिवारी, संतोष चौबे, आरक्षक भानू कुमार, ओमप्रकाश बघेल, काजल सिंह का विशेष योगदान रहा ।

# एआईबीई की परीक्षा 7 जून को, एडमिट कार्ड जारी

**जबलपुर, नवभारत।** बार काउंसिल आफ़ इंडिया ने ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं यह परीक्षा 7 जून को देशभर के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार अब आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपना हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं बीसीआई ने साफ किया है कि एडमिट कार्ड परीक्षा में प्रवेश के लिए अनिवार्य दस्तावेज होगा और इसके बिना किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। एआईबीई 21 परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार अपने लॉगइन क्रेडेंशियल की मदद से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं इसके लिए अभ्यर्थियों को आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा वेबसाइट पर जाकर उम्मीदवारों को लॉगइन सेक्शन में अपना यूजर आईडी और पासवर्ड दर्ज करना होगा लॉगइन करने के बाद स्क्रीन पर एडमिट कार्ड दिखाई देगा, जिसे डाउनलोड कर प्रिंट निकाला जा सकता है।

### वकालत करने के लिए जरूरी है एग्जाम

वकालत की पढ़ाई करने के बाद बतौर वकील प्रैक्टिस करने के लिए ऑल इंडिया बार एग्जाम पास करना जरूरी होता है इस साल इस परीक्षा का आयोजन 7 जून को ऑफलाइन मोड में होगा इसमें बैठने के लिए हॉल टिकट सबसे इंपोर्टेंट डॉक्यूमेंट हैं इसमें आपकी परीक्षा की शिफ्ट टाइमिंग, एग्जाम सेंटर का पता से लेकर अन्य जरूरी डिटेल्स मौजूद होंगी जिसके मुताबिक ही आपको एग्जाम में शामिल होना होगा। एआईबीई 21 परीक्षा के लिए जारी दिशा निर्देशों में साफ तौर पर कहा गया है कि एडमिट कार्ड के साथ अभ्यर्थियों को सरकारी फोटो आईडी प्रूफ भी साथ ले जाना होगा इन दोनों के बिना परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# मनोज नामदेव सहित नवनियुक्त कांग्रेस पदाधिकारियों का टाउन हॉल में स्वागत

**नवभारत, जबलपुर।** शहर जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष राजेन्द्र रज्जू सराफ, जिला अध्यक्ष नारायण सिंह शर्मा के संयोजन में संगठन प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राकेश पटेल एवं जिला प्रभारी केशव प्रसाद चौरसिया की अध्यक्षता में एक विशेष स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें म.प्र. कांग्रेस कमेटी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सितलानी एवं प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. संजय कामले एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान द्वारा जबलपुर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के वंशज उत्तराधिकारी कांग्रेस नेता मनोज नामदेव को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त करने पर टाउन हॉल गांधी भवन में स्वागत किया गया। समारोह में श्रीफल एवं शॉल उड़ाकर फूल मालाओं से स्वागत किया गया तथा मिष्ठान वितरण के साथ आमंत्रियों और स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के वंशजों ने भी स्वागत किया और प्रदेश के शीर्ष नेताओं को बधाईयां दी।



### नवनियुक्त पदाधिकारी और संगठन का विस्तार

समारोह में आमंत्रित अधिवक्ता प्रकाश चंद्र गोल्छा, पं. आशीष व्यास, निर्मल चंद्र जैन, वी. दुमत राव, गुरु प्रसाद निखरा, पवन सोनी, आलोक गुप्ता, अलकेश गुप्ता, अभय सोनी, श्याम सोलंकी, अशोक यादव, अंकेश निखरा, आशा मालवीय, योगेन्द्र कुमार मालवीय, अरुण राजनेकर, ओम प्रकाश जयसवाल, शिवमंगल यादव, ओम शर्मा, सौरभ राजनेकर, रामनारायण राय सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ के नगर कोषाध्यक्ष पं. आशीष व्यास, नगर संगठन मंत्री पवन बम बम सोनी और वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र गोल्छा को पदों पर नियुक्त किया गया। जल्द ही नगर कार्यकारिणी के सभी पद की नियुक्तियां होंगी और शीघ्र ही सूची जारी की जाएगी क्योंकि संगठन का विस्तार जारी है।


### श्रद्धांजलि और आगामी राष्ट्रगान कार्यक्रम की अपील

कार्यक्रम के अंत में कटनी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बड़े बेटे घनश्याम चौरसिया के निधन पर 2 मिनिट मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही, प्रतिमाह की पहली तारीख को राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत 01 जून को प्रातः 10 बजे नगर निगम के सामने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमास्थल पर आयोजित किया जायेगा। सभी से समय पर आयोजन में सम्मिलित होने की अपील की गई है। इस आयोजन में नगर कांग्रेस कमेटी, सेवादल कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एन.एस.यू.आई. एंव सभी सामाजिक संगठनों से भी सम्मिलित होने की अपील की है।

परेशानी — बार-बार हो रही कटौती से लोग परेशान

# भीषण गर्मी में बिजली ने रुलाया

**नवभारत, जबलपुर।** गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर के गोरखपुर, नेपियर टाउन, राइट टाउन रसल चौक जैसे अन्य क्षेत्रों में बिजली कटौती की समस्या लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि आए दिन बिजली गुल हो रही है, जिससे घरों और दफ्तरों में भीषण गर्मी के बीच रहना मुश्किल हो गया है। वही कई बार शिकायत दर्ज कराने के बाद भी स्थायी समाधान नहीं मिल पाया है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार घंटों तक बिजली बंद रहती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई, घरेलू काम और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। आमजनों का कहना है कि शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आ रहा है।



### बढ़ती मांग से सिस्टम पर दबाव

हाल के दिनों में गर्मी के कारण बिजली की मांग बढ़ने की बात भी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार शहर में बिजली की मांग में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है, जिसके चलते सप्लाई व्यवस्था पर दबाव बढ़ा है वही विभाग ने निगरानी बढ़ाने की भी बात कही है। जब रविवार को गोरखपुर जैसे पॉश एरिया में दिनभर लाइट की कटौती की गई तो इसपर क्षेत्रवासियों का कहना है कि समय पर सूचना, तेज शिकायत निवारण और नियमित बिजली आपूर्ति से परेशानी काफी हद तक कम हो सकती है। फिलहाल लोगों को उम्मीद है कि जल्द स्थिति में सुधार होगा।

### सही तरीके से नहीं होता है मेंटेनेंस

शहर में दर्जनों स्थान ऐसे भी है जहां पर सड़को तक झूलते तार परेशानी का कारण बन रहे हैं। सड़को के किनारे लगे टेढ़े-मेढ़े खंभे और झूलते तार बरसात में जान-माल को नुकसान पहुंचा सकते हैं। वही नागरिकों ने समय-समय पर अधिकारियों को इस बात को लेकर चेताया भी था। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी हालात जस के तस बने हुए है। बता दे कि शहर में लाइट के खम्भों में तार झूलने के कारण बड़े वाहन नहीं निकल पाते। वाहन केबल से टकराते रहते हैं। इसके साथ ही करंट फैलने का डर बना रहता है। गर्मी के इस मौसम में लाइट गुल हो जाने के कारण मच्छरों के आतंक से लोगों की नींद उड़ जाती है। ऐसे हालात शहर के अधिकांश मोहल्लों, वार्डों पर आम हो गए हैं।

### इनका कहना है

क्षेत्र में फिलहाल मेंटेनेंस का कार्य चल रहा है जिसकी वजह से बिजली में कटौती हो रही है एक बार मेंटेनेंस का कार्य पूरा हो जाने के बाद बिजली ट्रिपिंग की शिकायते फिर नहीं आएगी।

**लक्ष्मी जय चक्रवर्ती**
**पार्षद, जॉर्ज डी सिल्वा वार्ड**



# बाबा पहाड़ में अचानक लगी भीषण आग

**जबलपुर, नवभारत।** कैंट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले उमरिया कजरवारा क्षेत्र के बंदा बाबा पहाड़ में रविवार शाम को अचानक भीषण आग लग गई। इस पहाड़ी इलाके में लगी आग तेजी से फैल रही है, जिससे आसपास के मैदानी इलाकों में हड़कंप मच गया है। इस क्षेत्र के हजारों एकड़ खेत में वर्तमान में मूंग और उड़द की फसलें पककर खड़ी हुई हैं। आग की लपटों को देखकर स्थानीय किसानों में अपनी फसलों को लेकर भारी डर और चिंता का माहौल देखा जा रहा है। पहाड़ी पर सूखी घास और तेज हवाओं के कारण आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही हैं। किसानों को सबसे बड़ा डर इस बात का है कि यदि आग ने जरा भी रुख बदला, तो उनकी महीनों की मेहनत से तैयार मूंग और उड़द की खड़ी फसल पूरी तरह जलकर खाक हो जाएगी।